सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **100**
27/01/2026

लघु जल संसाधन विभाग के 20 अभियंता पूणे में ले रहे हैं प्रशिक्षण

- जल प्रबंधन को सशक्त बनाने हेतु अभियंताओं को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

पटना 27 जनवरी, 2026 :– लघु जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में दिनांक–27 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय जल अकादमी, पूणे में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभागीय 20 अभियंता शामिल हो रहे हैं। इसके लिए विभाग के अपर सचिव सुशांत कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

विदित हो कि 'जल संसाधनों की मूल बातें' विषय पर केंद्रीय जल आयोग अंतर्गत राष्ट्रीय जल अकादमी, पुणे में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण के पहले दिन उद्घाटन सत्र के बाद जल संसाधनों में रिमोट सेंसिंग और जीआइएस का परिचय, स्पेशियल प्रोसेसिंग, कैचमेंट फिजियोग्राफिक पैरामीटर का अनुमान और जियो–रेफरेंस्ड मैप तैयार करने पर डेमोंस्ट्रेशन और हैंड्स–ऑन की जानकारी दी गई। दूसरे दिन हाइड्रोलॉजी के मूलभूत सिद्धांतों एवं जल संसाधन आधारित योजनाओं के डिजाइन एवं प्रबंधन में इसके अनुप्रयोग का अवलोकन कराया जाएगा, ताकि सिंचाई योजनाओं के विभिन्न पहलुओं – सूक्ष्म सिंचाई एवं लघु सिंचाई इत्यादी की जानकारी प्राप्त हो सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत महाराष्ट्र के अहमद नगर स्थित हिवरे बाजार एवं कृषि विज्ञान केंद्र बारामती की अध्ययन यात्रा कराई जाएगी। प्रशिक्षण के तीसरे दिन पाइप सिंचाई नेटवर्क– योजना और डिजाइनिंग, लिफ्ट सिंचाई योजनाएं, भू–जल का आकलन और प्रबंधन, साथ ही सतही और भूजल का संयुक्त उपयोग और जलभराव/खारेपन की रोकथाम के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सत्र के अंतिम दिन ग्रामीण स्तर पर जल संसाधन प्रबंधन योजना तैयार करना, महाराष्ट्र में जल संबंधी सफल योजनाओं पर चर्चा कराई जाएगी।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभागीय अभियंताओं को जल संसाधन प्रबंधन से जुड़ी नवीन तकनीकों और आधुनिक दृष्टिकोण से क्षमता संवर्धन कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के माध्यम से विभागीय अभियंताओं की तकनीकी दक्षता में वृद्धि होगी, जिससे राज्य में लघु एवं सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, जल प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार तथा योजनाओं की स्थायित्व सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

———————————